CODE NO.

Not to be filled by the Candidate

(अभ्यर्थी द्वारा नहीं भरा जाये)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

## महत्वपूर्ण निर्देश / IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. अपेक्षित विवरण केवल "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" के ऊपर दिये गये फ्लेप पर ही लिखें, अन्य किसी स्थान पर नहीं।
2. "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अन्दर कहीं पर भी कोई पहचान चिन्ह यथा, रोल नम्बर, नाम, पता, मोबाईल नम्बर / टेलीफोन नम्बर, देवताओं के नाम अथवा प्रश्न के उत्तर से असम्बंधित कोई भी शब्द, वाक्य एवं अंक लिखे जाने या अंकित किये जाने को अनुचित साधनों का उपयोग माना जायेगा। ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।
3. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर व्यवधान उत्पन्न करता है या वीक्षण स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करता है अथवा वचनापूर्ण कार्य करता है तो वह स्वयं ही अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होगा। वह राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के तहत दाण्डिक कार्यवाही हेतु भी उत्तरदायी माना जायेगा।
4. प्रश्नो की सख्या और उनके अंक "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" मे अंकित किये गये हैं।
5. प्रश्नो के उत्तर निरपवाद रूप से "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" में प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिये गये स्थान पर ही लिखें, कहीं और नहीं, अन्यथा ऐसे उत्तर का मूल्यांकन परीक्षक द्वारा नहीं किया जायेगा।
6. अभ्यर्थी उत्तर निर्धारित जगह में ही लिखें। किसी भी परिस्थिति मे पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जायेगी।
7. फ्लेप पर "**उत्तर का माध्यम**" के चौखाने में भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में से एक विकल्प को ✓ द्वारा चिन्हित करें तथा उत्तर उसी चयनित भाषा में दीजिये।
8. किसी प्रश्न में अंग्रेजी व हिन्दी भाषान्तर मे कोई अन्तर हो तो अंग्रेजी भाषान्तर को प्रमाणिक माना जाये।
9. यदि "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है, तो शीघ्रताशीघ्र वीक्षक से कह कर उसे बदलवा लें या वीक्षक के ध्यान में ला दें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
10. परीक्षा कक्ष मे किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सयंत्र के साथ प्रवेश करना सर्वथा वर्जित है।

*********

1. Write the required particulars only on the flap provided on the top of "Question Paper-cum-Answer Book"; and not at any other place.
2. Do not write any mark of identity inside the "Question Paper-cum-Answer Book" (including paper for rough work) i.e. Roll No., Name, Address, Mobile No./Telephone No., Name of God etc. or any irrelevant word other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. In such a case his candidature shall be rejected for the entire examination.
3. A candidate found creating disturbance at the examination centre or misbehaving with Invigilating Staff or cheating will render him liable for disqualification. He shall also be liable for penal action under The Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair Means) Act, 1992.
4. The number of questions and their marks are indicated in the "Question Paper-cum-Answer Book".
5. The answers of the questions in "Question Paper-Cum Answer Booklet" should strictly be written in the space provided below question and not elsewhere, otherwise, such answer shall not be assessed by the examiner.
6. The candidate should write the answers in the provided space. No Supplementary Answer Book shall be provided in any case.
7. Specify an option of language Hindi or English, by ticking✓ in box of **"Medium of Answer"** on the flap and answer in the same opted language.
8. In any question, if there is any discrepancy in English & Hindi versions, the English version is to be treated as standard.
9. In case the "Question Paper-cum-Answer Book" is torn or not printed properly, bring it to the notice of Invigilator for change or direction, at earliest otherwise the candidates will be liable for that.
10. Possession of any type of electronic device is strictly prohibited in the Examination Hall.

*********



www.LinkingLaws.com

**Note:** Attempt all questions. Marks of each question are mentioned against the question.

**नोट:** समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उराके समक्ष अंकित किये गये हैं।

**Question No.1** **[2 Marks]**

While violating the provision of section 24 (2) of The Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012, the statement of a child was recorded by police officer in uniform. What proceeding can be initiated against the said police officer?

**प्रश्न संख्या 1**

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 24 (2) के प्रावधान का उल्लंघन करते हुए बालक के कथन को पुलिस अधिकारी द्वारा वर्दी में रहते हुए अभिलिखित किया गया था। उक्त पुलिस अधिकारी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की जा सकती है?



www.LinkingLaws.com

**Question No.2** **[2 Marks]**

"Victim child" under The Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012 may also be a "child in need of care and protection" under The Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015. Explain.

**प्रश्न संख्या 2**

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत "पीड़ित बालक", किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत "देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाला बालक" भी हो सकता है। स्पष्ट कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No.3** **[2 Marks]**

Whether there should be a subsisting domestic relationship between "the aggrieved person" and "the person" against whom the relief is claimed, at the time when relief is claimed? Explain.

**प्रश्न संख्या 3**

क्या "व्यथित व्यक्ति" एवं "व्यक्ति" जिसके विरूद्ध अनुतोष चाहा गया है, के मध्य, उस समय जब अनुतोष चाहा गया, घरेलू नातेदारी विद्यमान होनी चाहिए? स्पष्ट कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No.4** **[2 Marks]**

A Sessions Court suo moto registered a criminal revision against a judgment of acquittal passed by the Magistrate Court. Can he convict the accused? If not, what order he can pass?

**प्रश्न संख्या 4**

एक मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा पारित दोषमुक्ति के निर्णय के विरूद्ध एक सेशन न्यायालय ने स्वप्रेरणा पर एक फौजदारी निगरानी दर्ज की। क्या वह अभियुक्त को दोषसिद्ध कर सकता है? यदि नहीं, तो वह क्या आदेश पारित कर सकता है?



www.LinkingLaws.com

**Question No.5** **[2 Marks]**

Write a short note on Cadaveric Rigidity or Rigor Mortis.

**प्रश्न संख्या 5**

शव की कठोरता या मृत्यु जनित कठोरता पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No.6** **[4 Marks]**

"A" the victim, conceives as a result of rape. She is brought to the hospital by the accused. Where her age is recorded as 18 years. On that basis it could be gathered by the gynecologist that at the time of conception, the victim was less than 18 years of age and was thus, a child. But the gynecologist carries out the delivery without informing the police. Has the gynecologist committed any offence under The Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012? Explain with the help of relevant provisions and case laws.

**प्रश्न संख्या 6**

"अ" पीड़िता, बलात्कार के परिणामस्वरूप गर्भवती हो जाती है। अभियुक्त द्वारा उसे अस्पताल लाया गया। जहां उसकी आयु 18 वर्ष दर्ज की गई। उसके आधार पर महिला रोग विशेषज्ञ के द्वारा यह पाया जा सकता था कि गर्भधारण के समय पीड़िता 18 वर्ष से कम उम्र की थी और इस प्रकार एक बालक थी। परन्तु महिला रोग विशेषज्ञ ने पुलिस को सूचित किए बिना प्रसव सम्पादित किया। क्या महिला रोग विशेषज्ञ ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत कोई अपराध कारित किया? सुसंगत उपबन्धों एवं निर्णित विधियों की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No.7** **[4 Marks]**

Whether in the absence of actual residence with the respondents, a woman in a domestic relationship can enforce her right to reside in a shared household under section 17 of Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005? Explain, supported with the judgment, if any.

**प्रश्न संख्या 7**

क्या प्रत्यर्थी के साथ वास्तविक निवास की अनुपस्थिति में, एक महिला, घरेलू नातेदारी में, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 17 के अन्तर्गत साझी गृहस्थी में निवास करने के उसके अधिकार को प्रवर्तित करवा सकती है? निर्णय, यदि कोई हो, से समर्थित करते हुए व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No.8** **[4 Marks]**

Whether the offence of "interference with meter or works of licensee" as provided under section 138 of the Indian Electricity Act, 2003 is compoundable or not? Explain with the help of relevant provision and case law.

**प्रश्न संख्या 8**

क्या "अनुज्ञप्ति के मीटर या संकर्मों से छेड़छाड़" का अपराध, जैसा कि भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 138 में उपबन्धित है, प्रशमन योग्य है या नहीं? सुसंगत प्रावधान एवं निर्णित विधि की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No. 9** **[4 Marks]**

Can an accused in a murder case take the alternative defence of false implication and general exception under the Indian Penal Code, 1860? Explain with the help of relevant provisions and case laws.

**प्रश्न संख्या 9**

क्या हत्या के मामले का अभियुक्त झूठा फसाने एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के सामान्य अपवादों की वैकल्पिक प्रतिरक्षा ले सकता है? सुसंगत प्रावधानों एवं निर्णित विधि की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

## Question No. 10

[4 Marks]

Amir is being tried for murder of his wife, Hasina. A letter written by Amir to the police officer in charge of the police station confessing to the murder was kept near the dead body of Hasina and was found by the Sub-Inspector. Prosecution intends to prove the confession. Decide.

## प्रश्न संख्या 10

आमिर अपनी पत्नी हसीना की हत्या के लिए विचारित किया जा रहा है। थाने के भारसाधक अधिकारी को आमिर द्वारा हत्या की संस्वीकृति का लिखा गया एक पत्र हसीना के शव के पास रखा और उप–निरीक्षक द्वारा पाया गया। अभियोजन संस्वीकृति को साबित कराने का आशय रखता है। निर्णित कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**[4 Marks]**

**Question No. 11**

"A" an accused in a murder case, was summoned to face trial by the court of Sessions exercising powers under section 319 of the Code of Criminal Procedure, 1973. "A" appears and argues that there is no sufficient ground for proceeding against him. Can "A" be discharged? Explain with the help of decided case law.

**प्रश्न संख्या 11**

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 319 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सत्र न्यायालय द्वारा अभियुक्त "अ" को हत्या के मामले में विचारण भुगतने के लिए बुलाया गया। "अ" उपस्थित होता है और तर्क देता है कि उसके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कोई पर्याप्त आधार नहीं है। क्या "अ" को उन्मोचित किया जा सकता है? निर्णित न्यायिक दृष्टांत की सहायता से व्याख्या कीजिए।


www.LinkingLaws.com

**Question No. 12** **[4 Marks]**

Some arguments take place between Kamal Khan and Jaheer on some issue. Kamal Khan catches hold of Jaheer Khan from the neck. On this, in the process of saving himself from the strangle hold of Kamal Khan, Jaheer Khan pushes him forcibly. As a result, Kamal Khan is injured by falling on a sharp edged object and gets into sudden & grave provocation and inflicts a forceful blow of that sharp edged object on the head of Jaheer Khan, who dies on the spot. What offence Kamal Khan has committed? Explain with the help of relevant provision and case laws.

**प्रश्न संख्या 12**

कमाल खान व जहीर के बीच किसी बात को लेकर बहस होती है। कमाल खान जहीर खान को गले से पकड़ लेता है। जिस पर, अपने आप को कमाल खान की गले से पकड़ से बचाने के प्रक्रम में जहीर खान उसे जोर से धक्का देता है। परिणामस्वरूप, कमाल खान धारदार वस्तु पर गिरने से चोटिल हो जाता है तथा अचानक व तीव्र आवेश में आ जाता है एवं उस धारदार वस्तु से जहीर खान के सिर पर जोरदार वार करता है, जो मौके पर ही मर जाता है। कमाल खान ने क्या अपराध कारित किया है? सुसंगत प्रावधान एवं न्यायिक दृष्टांतों की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No. 13**

**[6 Marks]**

What are the principles regarding determination of age under The Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015? Whether the same principles would apply for determination of age of a victim? Explain with the help of relevant provisions and case laws.

**प्रश्न संख्या 13**

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अन्तर्गत आयु के निर्धारण से सम्बन्धित सिद्धान्त क्या हैं? क्या पीड़ित की आयु के निर्धारण हेतु समान सिद्धान्त लागू होंगे? सुसंगत प्रावधानों व न्यायिक दृष्टांतों की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No. 14** **[6 Marks]**

Hon'ble Supreme Court passed a Judgment. Thereafter, Central Government promulgated an ordinance and ultimately, Negotiable Instrument Act, 1881 was amended. Owing to this development, many complaints under section 138 of the Negotiable Instruments Act were transferred from one court to another court, one district to another district and even one state to another state and finally, some of the matters were transferred back to the same court. Is it not an exaggeration to say that this created a chaos among the parties? Explain in detail mentioning the judgment, ordinance, amendment and relevant provision of law.

**प्रश्न संख्या 14**

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एक निर्णय पारित किया गया। उसके बाद केन्द्र सरकार के द्वारा एक अध्यादेश जारी किया गया एवं अन्ततोगत्वा परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 में संशोधन किया गया। इस घटनाक्रम के कारण, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के बहुत सारे परिवाद एक न्यायालय से दूसरे न्यायालय में, एक जिले से दूसरे जिले में एवं यहां तक कि एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानान्तरित करने पड़े और अन्ततः उनमें से कुछ मामलात वापस उसी न्यायालय को स्थानान्तरित किये गये। क्या यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इससे पक्षकारान में एक अफरातफरी सी मच गई थी? निर्णय, अध्यादेश, संशोधन एवं सम्बन्धित विधि को इंगित करते हुए विस्तृत व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

## Question No. 15

**[6 Marks]**

Whether a trustee in the board of "Deemed to be university" is a "Public Servant" and can be tried for an offence punishable under The Prevention of Corruption Act, 1988. Explain with the help of relevant provisions and leading case.

## प्रश्न संख्या 15

क्या "मानद विश्वविद्यालय" मण्डल का न्यासी एक "लोक सेवक" है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध के लिए विचारित किया जा सकता है? सुसंगत उपबन्धों एवं महत्वपूर्ण निर्णित विधि की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No. 16**

**[6 Marks]**

In a case of seizure of mixed substance under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substance Act, 1985, what should be the criterion for determining the quantity in terms of Notification issued in exercise of powers conferred by Clauses (viia) and (xxiiia) of Section 2 of the act that is to say whether the gross weight of the seized contraband should be considered or the actual drug content of the specified narcotic/psychotropic substance? Explain with the help of relevant provision and leading case law.

**प्रश्न संख्या 16**

स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अन्तर्गत मिश्रित सामग्री की जब्ती के मामले में, अधिनियम की धारा 2 के परिच्छेद (viia) एवं (xxiiia) में निहित शक्तियों की प्रयुक्तता में जारी अधिसूचना के अनुसार मात्रा के निर्धारण का क्या मापदण्ड होना चाहिए यानि कि क्या जब्तशुदा निषिद्ध माल के सकल वजन को विचारगत किया जाना चाहिए या निर्दिष्ट स्वापक / मनःप्रभावी पदार्थ के वास्तविक ड्रग तत्व को? सुसंगत प्रावधान एवं महत्वपूर्ण निर्णित विधि की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

## Question No. 17

Write short notes on **any three** of the following: **[6 Marks]**

a. Permissible hearsay evidence

b. Evidentiary value of CCTV footage

c. Res gestae

d. Extra Judicial Confession

Accomplice

## प्रश्न संख्या 17

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

अ. अनुज्ञेय सुनी सुनाई साक्ष्य

ब. सीसीटीवी फुटेज का साक्षिक मूल्य

स. रेस गेस्टे

द. न्यायेतर संस्वीकृति

a. Permissible hearsay evidence

अ. अनुज्ञेय सुनी सुनाई साक्ष्य



www.LinkingLaws.com

b. Evidentiary value of CCTV footage

ब. सीसीटीवी फुटेज का साक्षिक मूल्य



www.LinkingLaws.com

c. Res gestae

स. रेस गेस्टे

d. Extra Judicial Confession

द. न्यायेतर संस्वीकृति



www.LinkingLaws.com

**Question No. 18** **[6 Marks]**

"Sessions Trial must not be undertaken piece meal but from day to day".

Discuss the above statement in the light of guidelines laid down by Hon'ble Supreme Court in State of Kerala Vs. Rasheed, Criminal Appeal No. 1321 of 2018 decided on 30.10.2018.

**प्रश्न संख्या 18**

''सेशन विचारण टुकड़ों में नहीं बल्कि दिन प्रतिदिन किया जाना चाहिए।''

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा फौजदारी अपील संख्या 1321 सन् 2018, केरल राज्य बनाम रसीद निर्णय दिनांक 30.10.2018 में प्रतिपादित दिशानिर्देशों के प्रकाश में उपरोक्त कथन को विचारित कीजिए।


www.LinkingLaws.com

Question No. 19 **[6 Marks]**

Due to property dispute there is rivalry between Suresh and Vinod and both are after the blood of each other. One day, Vinod damaged the new car of Ramprakash parked besides the road. Instead of admitting his mistake, Vinod attributes the fault to Ramprakash. A verbal fight begins between both of them. Looking to the damage caused to his new car and due to the rowdy behavior of Vinod, Ramprakash becomes agitated. Suresh is standing nearby and taking advantage of the agitated condition of Ramprakash, he hands over a country made pistol to Ramprakash. Acting in grave and sudden state of agitation, Ramprakash fires a shot at the chest of Vinod by the country made pistol, who dies at the spot.

With the help of relevant law and judgments, describe the offences Ramprakash and Suresh have committed.

**प्रश्न संख्या 19**

सम्पत्ति विवाद के कारण सुरेश व विनोद के मध्य रंजिश है और दोनों एक दूसरे के खून के प्यासे हैं। एक दिन विनोद सड़क के साईड मे खड़ी रामप्रकाश की नई कार को नुकसान करता है। अपनी गलती मानने के स्थान पर विनोद, रामप्रकाश की गलती ठहराता है। दोनो के मध्य कहासुनी होने लगती है। अपनी नई कार में हुए नुकसान को देखते हुए तथा विनोद के झगड़ालू व्यवहार के कारण रामप्रकाश उत्तेजित हो जाता है। सुरेश पास में खड़ा होता है तथा रामप्रकाश की उत्तेजित अवस्था का लाभ उठाते



www.LinkingLaws.com

हुए, वह रामप्रकाश को एक देशी कट्टा सौंप देता है। अचानक एवं तीव्र उत्तेजना की अवस्था में कार्य करते हुए रामप्रकाश देशी कट्टे से विनोद के सीने में गोली दाग देता है, जो मौके पर ही मर जाता है। रामप्रकाश एवं सुरेश द्वारा कारित अपराधों की सम्बन्धित विधि एवं न्यायिक दृष्टांतों की सहायता से व्याख्या कीजिए।



www.LinkingLaws.com

**Question No. 20**

Distinguish between the following: **[8 Marks]**

a. Police Custody Remand and Judicial Custody Remand
b. Complaint and First Information Report
c. Rioting and Affray
d. Intention and Motive

**प्रश्न संख्या 20**

निम्न के मध्य विभेद कीजिए:

अ. पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड तथा न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड
ब. परिवाद तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट
स. बलवा तथा दंगा
द. आशय तथा हेतु

a. Police Custody Remand and Judicial Custody Remand

अ. पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड तथा न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड



www.LinkingLaws.com

b. Complaint and First Information Report

ब. परिवाद तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट



www.LinkingLaws.com

c. Rioting and Affray

स. बलवा तथा दंगा

d. Intention and Motive

द. आशय तथा हेतु



www.LinkingLaws.com

**Question No. 21** **[12 Marks]**

Define the following:

a. Voyeurism
b. Indian Coin
c. Stolen Property
d. Cheating
e. Adultery
f. Criminal Intimidation

**प्रश्न संख्या 21**

निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए:

अ. दृश्यरतिकता
ब. भारतीय सिक्का
स. चुराई हुई सम्पत्ति
द. छल
य. जारता
र. आपराधिक अभित्रास

a. Voyeurism

अ. दृश्यरतिकता



www.LinkingLaws.com

b. Indian Coin

ब. भारतीय सिक्का



www.LinkingLaws.com

c. Stolen Property

स. चुराई हुई सम्पत्ति

d. Cheating

द. छल



www.LinkingLaws.com

e. Adultery

य. जारता

f. Criminal Intimidation

र. आपराधिक अभित्रास

*********



www.LinkingLaws.com